## एक नजर में

### टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ



सोयतकलां, 12 जनवरी. सोमवार को संगम क्रिकेट क्लब सोयत द्वारा खेरिया में टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ. आयोजन पुष्कराज बना नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के सहयोग से हो रहा है. इस अवसर पर पूर्व विधायक राणा विक्रम संह, जिला पंचायत सदस्य कालु सिंह सिसौदिया गणेशपुरा, जिला उपाध्यक्ष सजन सिंह सोयतकलां, पुष्कराज सिंह जादौन, पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुभाष दांगी, सोयत मंडल अध्यक्ष अमित नागर एवं सभी कार्यकर्ता एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे.

### चायना डोर : न बेचें, न खरीदें, न उपयोग करें



मक्सी, 12 जनवरी. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के आदेशानुसार संपूर्ण शाजापुर जिले में चायना डोर पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है. यह प्रतिबंध आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया है. मक्सी पुलिस ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति चायना डोर न तो बेचें, न खरीदें और न ही उसका उपयोग करें. चाइना डोर से मानव जीवन, पक्षियों एवं पशुओं को गंभीर चोट लगने की आशंका रहती है, जिससे पूर्व में कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं. पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. मक्सी पुलिस ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि क्षेत्र में यदि कहीं भी चायना डोर का अवैध भंडारण, बिक्री या उपयोग होता दिखाई दे, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें.

### विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

शाजापुर, 12 जनवरी. राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई शाजापुर में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया. यह शिविर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की कार्य योजना वर्ष 2025-26 के अनुरूप आयोजित किया गया. कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर आनंद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया. शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर की सचिव श्रीमती नमिता बौरासी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में शिखा शर्मा ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई. मुख्य अतिथि नमिता बौरासी ने राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला. विशिष्ट अतिथि शिखा शर्मा ने युवाओं को अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं कानून के प्रति सम्मान बनाए रखने का संदेश दिया.

# बीपीएल सूची में धनाढ्य किसान का नाम

## आंगनवाड़ी नियुक्ति पर उठे सवाल, मामला ग्राम पंचायत खोरिया एमा का

**मोहन बड़ोदिया, 12 जनवरी. शासन द्वारा गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता देने के उद्देश्य से बीपीएल, गरीबी रेखा के नीचे योजना लागू की गई है, ताकि पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके. लेकिन ग्राम पंचायत खोरिया एमा में इस योजना के दुरुपयोग का गंभीर मामला सामने आया है, जिससे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति भी विवादों में घिर गई है.**

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम खोरिया एमा निवासी सक्षम किसान रामकिशन पिता लक्ष्मीनारायण कुलमी का नाम बीपीएल सूची में दर्ज है, जबकि वे इसके पात्र नहीं है. बताया गया कि उनके पास लगभग 10 बीघा कृषि भूमि के साथ-साथ ट्रैक्टर ट्रॉली, टूव्हीलर और फोर व्हीलर वाहन भी है. इसके बावजूद उनका बीपीएल राशन कार्ड बना हुआ है. ग्राम पंचायत खोरिया एमा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का पद रिक्त होने पर विज्ञप्ति जारी की गई थी. इस पद के लिए चिंतामणि चौहान और प्रमिला पाटीदार ने ऑनलाइन आवेदन किया था. चयन प्रक्रिया के बाद चिंतामणि चौहान का चयन हुआ और उन्होंने लगभग तीन माह तक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रूप में कार्य भी किया. इसके बाद प्रमिला पाटीदार ने इस नियुक्ति को कलेक्टर कोर्ट में चुनौती दी. मामले की सुनवाई के बाद कलेक्टर कोर्ट ने चिंतामणि चौहान को हटाकर प्रमिला पाटीदार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद पर नियुक्त करने के आदेश दिए. बताया गया कि चयन के दौरान खंड स्तरीय व जिला स्तरीय चयन समिति ने प्रमिला पाटीदार को बीपीएल के अंक नहीं दिए थे, लेकिन कलेक्टर कोर्ट ने वे अंक जोड़ते हुए नियुक्ति आदेश जारी किया.

### बीपीएल कार्ड पर सवाल...

इस निर्णय के बाद चिंतामणि चौहान ने आरोप लगाया है कि प्रमिला पाटीदार को बीपीएल का लाभ उनके ससुर रामकिशन कुलमी के बीपीएल राशन कार्ड के आधार पर मिला है, जो नियमों के विरुद्ध है. चिंतामणि चौहान ने मांग की है कि रामकिशन कुलमी का बीपीएल राशन कार्ड तत्काल निरस्त किया जाए.

### ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन...

पूरे मामले को लेकर ग्राम खोरिया एमा के ग्रामीणों ने सोमवार को जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमृतराज सिसोदिया को ज्ञापन सौंपकर बीपीएल सूची की जांच, अपात्र नाम हटाने और आंगनवाड़ी नियुक्ति प्रकरण में नियमों के अनुसार कार्रवाई की मांग की है. ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो वे इस मामले को लेकर उच्च अधिकारियों तक शिकायत करेंगे.

### इनका कहना है

*ग्राम पंचायत खोरिया एमा के सक्षम किसान का नाम अपात्र होते हुए भी बीपीएल सूची में दर्ज है. इसका फायदा इनकी बहु ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद की नियुक्ति में लिया है जो गलत है हमने ज्ञापन सौंपकर बीपीएल राशन कार्ड निरस्त करने की मांग की है, कार्यवाही नहीं होती है तो धरना, प्रदर्शन किया जाएगा.*

***-मेहरबान सिंह भिलाला, तहसील अध्यक्ष, जयस***

*बीपीएल सूची में अपात्र का नाम दर्ज होने संबंधी आवेदन आया है उसकी जांच कराएंगे. जांच के बाद जो भी होगा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी.*

***-अमृतराज सिसोदिया, मुख्यकार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मोहन बड़ोदिया***

# शासकीय गर्ल्स कॉलेज में रन फॉर स्वदेशी का आयोजन

## स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर सेवा सप्ताह का समापन



**शाजापुर, 12 जनवरी. किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य सुश्री सोनू कनेश ने की.**

उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि रन फॉर स्वदेशी केवल एक दौड़ नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत और पूर्ण रोजगार युक्त भारत निर्माण का जन आंदोलन है. इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वदेशी मूल्यों, उद्यमिता कौशल और शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करना है. स्वामी विवेकानंद कार्यक्रम प्रभारी डॉ. कपिल जाटव ने बताया कि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी मध्यप्रदेश राज्य शाखा द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को यूथ रेडक्रॉस के अंतर्गत 6 जनवरी से 12 जनवरी तक सेवा सप्ताह के रूप में मनाया गया. जिसके अंतर्गत महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से संबंधित उनके विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान विषय पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. तत्पश्चात महाविद्यालय में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

### रक्तदान में ज्यादा से ज्यादा नागरिकों की हो भागीदारी

9 जनवरी को नशा मुक्ति से संबंधित जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. अंत में दिनांक 12 जनवरी को सेवा सप्ताह का समापन समारोह किया गया. जिसमें आईसीटीसी परामर्शदाता उदयसिंह राजपूत ने छात्राओं को रक्तदान एवं एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि वर्तमान समय में रक्तदान में ज्यादा से ज्यादा नागरिकों को भागीदारी करना चाहिए. लेकिन इसी के साथ रक्तदान करते समय कुछ सावधानियां रखना भी बहुत आवश्यक है, ताकि हम अवांछित बीमारियों से बच सके और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें. एड्स दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में विजयी प्रतिभागियों को रेड रिबन क्लब के अंतर्गत पुरस्कार वितरण श्रीमती दीपिका गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया. कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप कुमार सिंह ने किया तथा आभार जेपी माथुर ने माना. कार्यक्रम में डॉ. रितेश महाडिक, अनिल नागर, नरेन्द्र कुमार भाटी, शंकरलाल कुशवाह सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रही.

# पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में सेवा सप्ताह का समापन



**शाजापुर, 12 जनवरी. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज, शाजापुर में युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में यूथ रेडक्रॉस अंतर्गत सेवा सप्ताह में सामूहिक सूर्य नमस्कार कॉलेज में आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप राठौर सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, विशेष अतिथि मनोज जायसवाल, प्रभारी स्वदेशी जागरण मंच रहे. अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. वीपी मीणा ने स्वदेशी अपनाओ का संकल्प दिलाया. संदीप राठौर ने कहा कि सूर्य नमस्कार एक महत्वपूर्ण योगाभ्यास है जिसके कई फायदे हैं, जैसे शारीरिक फिटनेस, बेहतर पाचन, तनाव में कमी इत्यादि. समस्त प्राध्यापकों सहित रासेयो स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स, विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार किया. सूर्य नमस्कार के बाद महाविद्यालय परिसर से उत्कृष्ट विद्यालय ग्राउंड तक स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया.

# नगर की हिंगलाज बस्ती में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**शाजापुर, 12 जनवरी. संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर की हिंगलाज बस्ती में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया. आयोजन का शुभारंभ अतिथि दिनेश प्रजापति जिला प्रचार प्रमुख, लीना जी भट्ट, जानकीदास महाराज एवं समाज प्रमुखों के द्वारा भारतमाता के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया गया.**




संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता दिनेश प्रजापति ने कहा की पूरे देश मे हो रहे हिन्दू सम्मेलन संघ की 100 वर्ष की यात्रा का परिणाम है यह यात्रा सयंसेवको के कठिन परिश्रम को परिलक्षित करती है. 100 वर्षों में कई बार संघ को बदनाम कर प्रतिबंध लगाने का कुत्सित प्रयास किया गया. लेकिन संघ की छवि हमेशा और मजबूत बनकर उभरी है. हम सबको पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ना है और एक समरस समाज का निर्माण करना है. कार्यक्रम को जानकीदास जी महाराज और लीना भट्ट ने भी संबोधित किया.

### सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए आयोजित

बालवीर हनुमान हिन्दू सम्मेलन समिति ने द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई. कार्यक्रम में दुर्गावाहिनी की दीदियों के द्वारा सभी आगुन्तको को तिलक लगाकर स्वागत किया. प्रीतम मालवीय की टीम के द्वारा कबीर भजनों की प्रस्तुति दी गई. पंच परिवर्तन पर नाटक, नारी शक्ति सुरक्षा, गौमाता की आरती, राष्ट्रभक्ति गीत पर नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई. अंत में भारतमाता की आरती सभी लोगो के द्वारा की गई. कार्यक्रम के अंत मे सभी समाजजनों के द्वारा सामूहिक सह भोज का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में समिति संयोजक कैलाश सेन, सह संयोजक सुनील मालवीय, कोषाध्यक्ष ललित सिंह दिखित, संतोष जोशी, प्रेम यादव, दुष्यंत सोनी, प्रबोध रोकड़े, लोकेश शर्मा, महेन्द्रमोहन सोनी, ज्योतिप्रकाश माथुर, महेश प्रजापति, नीरज दुबे, कपिला भावसार, अंकिता गुप्ता, अलका दुबे, रितेश प्रजापति, विकास श्रीवास्तव, हेमंत शितुत, गजेंद्र चौहान, अजय खत्री, नरेंद्र खत्री, दीपेश वर्मा, धीरेंद्र रोहिरा, गौरव शितुत, जलज ठाकुर, सुमित खत्री, अमित भावसार, संजय शर्मा, शुभम प्रजापति, सोनू भावसार, प्रथम भिलाला सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति, बच्चे और समाजजन मौजूद रहे. कार्यक्रम का संचालन अनिल मालवीय ने किया और आभार अजय सिंह चंदेल ने माना.

# मकर संक्रांति को लेकर नगर में सजने लगी पतंग की दुकानें

## अधिकारियों द्वारा दुकानों पर की जा रही चाइना मांझे की जांच

**नलखेड़ा, 12 जनवरी. मकर संक्रांति नजदीक आते ही बाजार में पतंगों की दुकानें सज गई है. रंगबिरंगी और विभिन्न आकार वाली पतंगें बच्चों से बड़े लोगों तक सभी को लुभा रही हैं. कहीं चौकोर तो कहीं लंबी तो कहीं पूंछ वाली पतंग मिल रही है.**

पूरे जिले में सालभर में लगभग पांच लाख रुपए का पतंग का कारोबार होता है जिसमें से सबसे मकर संक्रांति पर होता है. पतंग की खुशी, आजादी और शुभता का संकेत माना जाता है. सूर्य के उत्तरायण होने के कारण इस समय सूर्य की किरणें सेहत के लिए सबसे अच्छी मानी जाती है. मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाने का वैज्ञानिक महत्व भी है. इस दिन सूर्य की किरणें शरीर के लिए फायदेमंद मानी जाती हैं. पतंग उड़ाने से शरीर में ऊर्जा आती है और विटामिन डी की कमी पूरी होती है. पतंग उड़ाने से मांसपेशियां टोन अप होती हैं और आंखों पर भी इसका अच्छा असर पड़ता है. पतंग उड़ाने से मन एकाग्र होता है और शरीर और प्रकृति का संबंध बढ़ता है.



### पतंग की दुकान पर चायना डोर की जांच की

जिला कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी नागेश यादव ने नगरीय क्षेत्र में प्रमुख बाजार में संचालित पतंग दुकानों के निरीक्षण किया और विक्रेताओं के यहां चाइना डोर की जांच की गई. इस मौके किसी भी दुकान पर चायना डोर नहीं पाई गई. विक्रय करते हुए पाए जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई. इस अवसर पर कस्बा पटवारी रामपाल तोमर उपस्थित रहे.

### दो सौ रूपए तक की पतंग बिक रही...

पहले आयताकार पतंग बनती थी. लेकिन लगातार ट्रेंड बदल रहा और इनकी साइज भी तीन इंच से लेकर तीन फीट तक की है. कई लोगों में बड़ी पतंग उड़ाने का शौक होता है. वहीं अब चाइनीज मांझा पूरी तरह से बंद है. बरेली और गुजरात के मांझे या कॉटन के धागे का ही उपयोग हो रहा है.

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर मक्सी में योग दिवस का आयोजन



**मक्सी, 12 जनवरी. राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी सोमवार को पीएम शाउमावि मक्सी में योग दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया.**

कार्यक्रम में रामप्रसाद पाटीदार ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है. अभिनेता अजय गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि योग का आविष्कार ऋषि मुनियों द्वारा किया गया था, जिन्होंने योग विद्या के माध्यम से हजारों वर्षों तक स्वस्थ जीवन जिया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग आज जन जन तक पहुंचा है और पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है. संकुल प्राचार्य पदम सिंह देथलिया ने कहा कि उनका कार्यकाल अब पूर्ण होने वाला है, इस दौरान जनसहयोग से विद्यालय का सतत विकास कराया गया तथा खेल गतिविधियों को नई दिशा देकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया. योगाभ्यास का संचालन शिक्षक दशरथ लोधी ने किया, वहीं शिक्षक राठौर ने कार्यक्रम का संचालन किया. शिक्षक मिश्रा ने विद्यार्थियों का जोशीला मार्गदर्शन किया. कार्यक्रम में दयाराम मंडलोई, कृष्णा भावसार, राकेश चौहान, राहुल वर्मा सहित शिक्षकगण इंदर परमार, विमल गुप्ता, अरविंद असोडिया, अंसल एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे. इसके पश्चात विद्यार्थियों ने प्राणायाम, अनुलोम विलोम एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया.

## एक नजर में

### श्रीराम संकीर्तन यात्रा प्रभातफेरी में उमड़ा भक्तों का सैलाब

# श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ धूमधाम के साथ मनाई

**नलखेड़ा, 12 जनवरी. अयोध्या में भगवान राम लाल की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ नगर में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई. जो दो वर्ष पूर्व अयोध्या में भव्य मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के समय था, वहीं उत्साह द्वितीय द्वितीय वर्षगांठ पर नगर में रहा. प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त दो वर्ष से अधिक समय पूर्व प्रारंभ हुई, इस दौरान निकली श्रीराम संकीर्तन यात्रा प्रभातफेरी में एक बार फिर से नगर भक्तों का सैलाब उमडा. नगर में प्रभातफेरी में हजारों की संख्या में महिलाएं व पुरुष प्रात: कालीन सुबह पांच बजे चौक बाजार से एक विशाल प्रभातफेरी प्रारंभ हुई जिसमें युवा भजनों की धुन पर नाच करते हुए चल रहे थे.**



प्रभात फेरी नगर प्रमुख मार्ग चौक बाजार, किलारोड, गणेश दरवाजा, जयसवाल कॉलोनी, नीम कॉलोनी, बगलामुखी रोड शिवाजी चौराहा होते हुए पुन:श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंची. जहां पर भक्तों के द्वारा पर राम स्तुति व भजन किए. पंचमुखी हनुमान जी का आकर्षक श्रंगार किया गया. पूरे मंदिर को भव्य रूप से फूलों व पताकाओं के साथ ही आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी. वही मंदिर पर दोपहर में ध्वजा जी मंदिर के शिखर पर लगाई गई. नगर में भक्तों में वही उत्साह और उमंग दिखाई दिया जो दो साल पहले देखने को मिला था. चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर सायं 4 बजे महाआरती का आयोजन किया गया. सायं चार बजे से कन्या पूजन कर भंडारे का शुभारंभ किया गया. जहां पर हजारों भक्तों ने आकर भोजन प्रसादी का लाभ लिया. उक्त आयोजन को सफल बनाने में महिलाओं व युवा मंडलों के द्वारा भंडारे में सेवाएं देते रहे.

### ग्रामीणों क्षेत्रों में धूमधाम से मनाई वर्षगांठ...

नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी अयोध्या में भगवान राम लाल की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर तहसील के बड़ागांव, भैसोदा अन्य कई ग्रामों में भी श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई. गांव भैसोदा मे श्रीराम संकीर्तन यात्रा प्रभातफेरी निकल गई. अन्य मंदिरों में भी महाआरती, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ व भंडारे जैसे आयोजन किया गया.



# संकल्प समाधान अभियान का आयोजन

**शाजापुर, 12 जनवरी.** जिले में शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं में हितग्राहियों को समय सीमा में लाभ पहुंचाने का निर्णय लिया है, जिसके लिए शासन द्वारा संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक विशेष अभियान चलाकर पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन हितग्राही मूलक योजनाओं में जिनके लक्ष्य निर्धारित है के लक्ष्य के अनुरूप लाभ एवं शासन व्दारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए उक्त विशेष अभियान आज से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में चलाया जा रहा है. उक्त संकल्प से समाधान अभियान के प्रभारी कलेक्टर होंगे एवं जिले के प्रभारी मंत्री के मार्गदर्शन में जिले में अभियान की विस्तृत रूपरेखा भी तैयार करेंगे. इस अभियान में 4 चरण है. संजय त्रिपाठी ने जिले की सभी एकीकृत बाल विकास सेवा योजना परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया हैं कि सभी विभाग की लक्ष्य निर्धारित वाली योजनाओं पर फोकस करते हुए संकल्प से समाधान अभियान के विषय में प्रमुख बिन्दुओं पर ध्यान देकर इन चारों चरणों में दिए गए शासन निर्देशानुसार समुचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें.